प्रो0 कपिंदर
निदेशक प्रवेश 2026
ई-मेल: directoradmissions@allduniv.ac.in

प्रवेश भवन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
चैथम लाइंस, प्रयागराज - 211002

# प्रेस विज्ञप्ति

- इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए पी.एच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने की घोषणा की है। यह प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पी.एच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया) विनियम, 2022, समय-समय पर किए गए संशोधनों तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय पी.एच.डी. अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार संचालित की जाएगी।
- पी.एच.डी. प्रवेश हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण 02 सितम्बर 2026 से 25 सितम्बर 2026 तक** किया जा सकेगा। पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश पोर्टल का लिंक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।
- शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु दिसम्बर 2025 एवं जून 2026 में आयोजित यूजीसी/सीएसआईआर-नेट (UGC/CSIR-NET) परीक्षाओं के परिणाम मान्य होंगे। इसके अतिरिक्त, संबंधित विषयों के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार बायोटेक्नोलॉजी एलिजिबिलिटी टेस्ट (BET-DBT), डीएचआर-बायोमेडिकल रिसर्च एलिजिबिलिटी टेस्ट (DHR-BRET), नेशनल बोर्ड फॉर हायर मैथमेटिक्स (NBHM) डॉक्टोरल स्कॉलरशिप परीक्षा, विश्वेश्वरैया पी.एच.डी. योजना, GATE, JEST तथा ICAR की निर्धारित अवधि में आयोजित परीक्षाओं के परिणाम भी पी.एच.डी. प्रवेश हेतु मान्य होंगे। विस्तृत पात्रता संबंधी प्रावधान पी.एच.डी. प्रवेश विवरणिका 2026–27 में उपलब्ध हैं।
- प्रवेश में आरक्षण भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के प्रचलित नियमों के अनुसार प्रदान किया जाएगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है—
  - अनुसूचित जाति (SC) – 15%
  - अनुसूचित जनजाति (ST) – 7.5%
  - अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) [OBC-NCL] – 27%
  - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) – 10%
  - दिव्यांगजन (PwD) – 5% (क्षैतिज आरक्षण)
- जो अभ्यर्थी एक से अधिक विषयों में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक विषय के लिए पृथक ऑनलाइन आवेदन तथा निर्धारित पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व पी.एच.डी. प्रवेश विवरणिका 2026–27 का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा प्रवेश कार्यक्रम, अनुसंधान अभिरुचि परीक्षा (Research Aptitude Test–RAT), मेरिट सूची एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

दिनांक: 31/08/2026

Kap 31/8/26
निदेशक, प्रवेश
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

Prof. Kapinder
Director
Admissions-2026
University of Allahabad